# भारतीय जनता पार्टी

## (केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

10 जून 2023, शनिवार

## <u>केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह द्वारा श्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 सफल वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में नांदेड़, महाराष्ट्र में आयोजित रैली में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु</u>

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 9 वर्ष भारत गौरव के 9 वर्ष हैं, गरीब कल्याण के 9 वर्ष हैं, भारत उत्कर्ष के 9 वर्ष हैं और भारत को सुरक्षित करने के 9 वर्ष हैं। जनता के उत्साह से यह स्पष्ट है कि उन्होंने 2024 में भी श्री नरेन्द्र मोदी जी को लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने का निर्णय ले लिया है।**

********************

**राहुल गाँधी विदेश जाकर देश को बदनाम करते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि देश में राहुल गाँधी को सुनने वाले बहुत कम हो गए हैं, शायद इसलिए वे विदेश जाकर बोलते हैं।**

********************

**बीते 9 वर्षों में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार के 9 वर्षों में 7 नए आईआईटी, 7 नए आईआईएम, 15 नए एम्स, 390 विश्वविद्यालय और लगभग 700 मेडिकल कॉलेज खुले। विगत 9 वर्षों में नेशनल हाइवे में लगभग 54 हजार किलोमीटर जोड़ा गया है।**

********************

**एक ओर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की आजादी के बाद के 55 सालों का काम और दूसरी ओर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार के 9 वर्षों का काम है। मोदी सरकार के काम 55 साल के कामकाज पर भारी हैं।**

********************

**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पूरी दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ाया है। कोई कहता है - मोदी इज द बॉस, कोई सम्मान से उनके पैर छूता है तो कोई उनसे उनका ऑटोग्राफ माँगता है। कोई मोदी जी से मिलने के लिए समय मांगता है। यह सम्मान भारत को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने दिलाया है।**

********************

**महाराष्ट्र में देवेंद्र फड़णवीस जी और एकनाथ शिंदे जी की सरकार है। भाजपा - शिव सेना की सरकार है। धनुष बाण भी शिव सेना को वापस मिला और तय हुआ कि कौन सी शिव सेना असली है।**

********************

**जब मैं पार्टी का अध्यक्ष था, तब मेरे और देवेंद्र फड़णवीस जी के साथ मुलाक़ात में उद्धव ठाकरे जी ने स्वीकार किया था कि यदि हमें बहुमत मिलता है तो देवेंद्र फड़णवीस जी ही मुख्यमंत्री होंगे। जब एनडीए जीत गई तो उद्धव ठाकरे जी ने वादा तोड़ दिया। सत्ता के लिए वे कांग्रेस-एनसीपी की गोद में जाकर बैठ गए।**

********************

**उद्धव जी, आपमें हिम्मत है तो अपनी नीति स्पष्ट कीजिये। हमने तीन तलाक की कुप्रथा ख़त्म की, आप इससे सहमत हैं या नहीं? अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर बन रहा है। बताइये उद्धव जी, आप सहमत हैं या नहीं?**

********************

**भाजपा की राज्य सरकारें कॉमन सिविल कोड लाने की बात कर रही है। उद्धव जी बताएं कि वे कॉमन सिविल कोड चाहते हैं या नहीं? उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र की जनता को बताएं कि वे मुस्लिम आरक्षण के पक्ष में हैं या नहीं?**

********************

**कर्नाटक में उद्धव ठाकरे की सहयोगी कांग्रेस की सरकार बनी है, वे कर्नाटक में पाठ्य पुस्तक से वीर सावरकर को हटा रहे हैं। उद्धव जी बताएं कि वे इससे सहमत हैं या नहीं?**

********************

**उद्धव ठाकरे जी, आप दो नाव में पैर नहीं रख सकते। आपको अपनी नीतियां महाराष्ट्र की जनता के सामने स्पष्ट करना ही होगा। लेकिन आप ऐसा नहीं करेंगे क्योंकि इससे पाकि पोल जनता के सामने खुल जायेगी।**

********************

**उद्धव ठाकरे कहते हैं कि भाजपा ने उनकी सरकार तोड़ी। उद्धव ठाकरे जी, शिव सैनिक, शिव सेना की नीति विरोधी बातें सुन कर, शरद पवार की पार्टी एनसीपी और कांग्रेस के साथ रहने को तैयार नहीं थे। ऐसे में शिव सैनिकों ने आपकी पार्टी छोड़ी। दगा देने का काम तो आपने किया।**

********************

**उद्धव ठाकरे जी, आप एनसीपी और कांग्रेस के साथ रह कर औरंगाबाद, उस्मानाबाद और अहमदनगर के नाम बदलने का समर्थन नहीं कर सकते हैं। आपको महाराष्ट्र की जनता के सामने अपना स्टैंड स्पष्ट कर देना चाहिए।**

********************

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज शनिवार को नांदेड़, महाराष्ट्र में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार के 9 सफल वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया और श्री नरेन्द्र मोदी सरकार की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम में महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री श्री देवेंद्र फड़णवीस, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री चंद्रशेखर बावनकुले, श्री भगवतराव कराड, श्री प्रताप राव पाटील चिखलीकर, श्री अतुल सावे, श्री गिरीश महाजन, उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री श्री तीरथ सिंह रावत, विधान परिषद् के सदस्य प्रवीण देरेकर सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। इससे पहले श्री शाह ने तख़्त सचखंड श्रीहजूर अबचलनगर साहिब गुरुद्वारा में मत्था टेका और अरदास भी की।

जनसभा को संबोधित करते हुए श्री शाह ने कहा कि यह छत्रपति शिवाजी महाराज जी की 350वीं जयंती वर्ष है। दशम पिता गुरु गोबिंद सिंह जी ने इसी भूमि से विदेशी आक्रांताओं के खिलाफ लड़ाई नहीं छोड़ने का संदेश दिया था। यह इलाका हैदराबाद प्रांत का हिस्सा था। देश 1947 में आजाद हो गया था लेकिन नांदेड़, मराठवाड़ा, विदर्भ और हैदराबाद को आजादी नहीं मिली थी। यहाँ के जुल्मी शासक ने लोगों को असीम यातनाएं दी। स्वामी रामानंद तीर्थ के नेतृत्व में यहाँ आंदोलन हुआ और लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के पुलिस एक्शन के बल पर 17 सितंबर 1948 को यह क्षेत्र आजाद हुआ।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार के 9 वर्ष पूरे हो गए हैं। मैं श्री नरेन्द्र मोदी सरकार की ओर से नांदेड़ और महाराष्ट्र की जनता को यहाँ धन्यवाद देने आया हूँ क्योंकि आपके आशीर्वाद से केंद्र में मोदी सरकार चल रही है। **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 9 वर्ष भारत गौरव के 9 वर्ष हैं, गरीब कल्याण के 9 वर्ष हैं, भारत उत्कर्ष के 9 वर्ष हैं और भारत को सुरक्षित करने के 9 वर्ष हैं।**

श्री शाह ने कहा कि **कांग्रेस की सोनिया-मनमोहन सरकार में शरद पवार जी भी भागीदार थे। उस सरकार के 10 वर्षों में लगभग 12 लाख करोड़ रुपये के घपले-घोटाले हुए लेकिन मोदी जी की सरकार पर भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगा।** देश में सभी क्षेत्रों में आमूल-चूल परिवर्तन आया है। चाहे अर्थव्यवस्था हो, गरीब कल्याण हो, सामाजिक कल्याण हो, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट हो,

विदेश नीति हो, देश को सुरक्षित बनाना हो या देश की संस्कृति को सहेजना हो - हर क्षेत्र में श्री नरेन्द्र मोदी सरकार ने आगे बढ़ कर काम किया है।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **मैं राहुल गाँधी से पूछना चाहता हूँ कि आपके परिवार की चार-चार पीढ़ियों ने देश पर शासन किया लेकिन इसके बावजूद आप न तो गरीबों के बैंक एकाउंट खुलवा पाए, न गरीबों के घर बनवा पाए और न ही उस घर में गैस, बिजली, पानी और शौचालय का प्रबंध ही कर पाए। ये सारे काम हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किये। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत प्रधानमंत्री जी देश के किसानों को हर साल छः-छः हजार रुपये की आर्थिक सहायता दे रहे हैं तो वहीं महाराष्ट्र की डबल इंजन वाली एनडीए सरकार उसमें अलग से छः-छः हजार रुपये जोड़ कर किसानों को दे रही है।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने धारा 370 को ख़त्म किया जबकि राहुल गाँधी और शरद पवार जी इसका विरोध कर रहे थे। अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर रामलला का भव्य मंदिर बन रहा है। काशी में श्री काशी विश्वनात कॉरिडोर का निर्माण हुआ। सोमनाथ मंदिर का विकास हुआ जबकि कांग्रेस की सरकार में हमारी आस्था के केंद्रों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश की संस्कृति और गौरव को सम्मान दिलाया है। आज प्रधानमंत्री जी दुनिया में जहाँ भी जाते हैं, वहां मोदी- मोदी के नारे लगते हैं, उनका स्वागत करने के लिए लोग लालायित रहते हैं।** यह केवल मोदी जी का सम्मान नहीं है बल्कि नांदेड़ और महराष्ट्र सहित समग्र राष्ट्र के लोगों का सम्मान है।

श्री शाह ने कहा कि **राहुल गाँधी विदेश जाकर देश को बदनाम करते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि देश में राहुल गाँधी को सुनने वाले बहुत कम हो गए हैं, शायद इसलिए वे विदेश जाकर बोलते हैं।**

महाराष्ट्र के परिप्रेक्ष्य में बोलते हुए केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **महाराष्ट्र में देवेंद्र फड़णवीस जी और एकनाथ शिंदे जी की सरकार बनी। भाजपा - शिव सेना की सरकार बनी। धनुष बाण भी शिव सेना को वापस मिला और तय हुआ कि कौन सी शिव सेना असली है।** आज मैं पुनः महाराष्ट्र की जनता को बताना चाहता हूँ कि **जब मैं पार्टी का अध्यक्ष था, तब मैं और देवेंद्र फड़णवीस जी पिछले विधान सभा चुनाव से पहले बात करने गए थे, तब उद्धव ठाकरे जी ने स्वीकार किया था कि यदि हमें बहुमत मिलता है तो देवेंद्र फड़णवीस जी ही महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री होंगे। जब परिणाम आया, एनडीए जीत गई तो उद्धव ठाकरे जी ने वादा तोड़ दिया। सत्ता के लिए वे कांग्रेस-एनसीपी की गोद में जाकर बैठ गए।**

श्री शाह ने कहा कि **उद्धव जी, आपमें हिम्मत है तो अपनी नीति स्पष्ट कीजिये। हमने तीन तलाक की कुप्रथा ख़त्म की, आप बताइये कि इससे सहमत हैं या नहीं? आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का शिलान्यास किया, वहां भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है, बताइये उद्धव जी, आप सहमत हैं या नहीं? भाजपा की कई राज्य सरकारें कॉमन सिविल कोड लाने की बात कर रही है। उद्धव जी बताएं कि वे कॉमन सिविल कोड चाहते हैं या नहीं?** भाजपा मुस्लिम आरक्षण के पक्ष में नहीं है क्योंकि यह संविधान सम्मत नहीं है। **उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र की जनता को बताएं कि वे मुस्लिम आरक्षण के पक्ष में हैं या नहीं? कर्नाटक में उद्धव ठाकरे की सहयोगी कांग्रेस की सरकार बनी है, वे कर्नाटक में पाठ्य पुस्तक से वीर सावरकर को हटा रहे हैं। उद्धव जी बताएं कि वे इससे सहमत हैं या नहीं? उद्धव ठाकरे जी, आप दो नाव में पैर नहीं रख सकते। आपको अपनी नीतियां महाराष्ट्र की जनता के सामने स्पष्ट करना ही होगा। लेकिन आप ऐसा नहीं करेंगे क्योंकि इससे पाकि पोल जनता के सामने खुल जायेगी।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **उद्धव ठाकरे कहते हैं कि भाजपा ने उनकी सरकार तोड़ी। हमने इनकी सरकार नहीं तोड़ी है। उद्धव ठाकरे जी, शिव सैनिक, शिव सेना की नीति विरोधी बातें सुन कर, शरद पवार की पार्टी एनसीपी और कांग्रेस के साथ रहने को तैयार नहीं थे। ऐसे में शिव सैनिकों ने आपकी पार्टी छोड़ी**, आपकी सरकार छोड़ी। **दगा देने का काम तो उद्धव ठाकरे जी, आपने किया था।** आप चुनाव लड़े प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और महाराष्ट्र में देवेंद्र फड़णवीस जी के नेतृत्व में लेकिन मुख्यमंत्री बनने के लिए कांग्रेस की गोदी में जाकर बैठ गए!

श्री शाह ने जनता का आह्वान करते हुए कहा कि लोक सभा चुनाव में आपको निर्णय लेना है कि 2024 में देश का प्रधानमंत्री किसे बनना चाहिए - प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी बनें या राहुल गाँधी? जनता ने 'मोदी-मोदी' के गगनभेदी नारे लगाए। उद्धव ठाकरे जी, आपको यदि आवाज सुनाई पड़ती है तो सुन लीजिये, यहाँ मोदी-मोदी के नारे लग रहे हैं। **जनता के उत्साह और भाजपा को मिल रहे समर्थन से यह स्पष्ट है कि देश की जनता ने 2024 में भी श्री नरेन्द्र मोदी जी को लगातार तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनाने का निर्णय ले लिया है। उद्धव ठाकरे जी, आप एनसीपी और कांग्रेस के साथ रह कर औरंगाबाद, उस्मानाबाद और अहमदनगर के नाम बदलने का समर्थन नहीं कर सकते हैं। आपको महाराष्ट्र की जनता के सामने अपना स्टैंड स्पष्ट कर देना चाहिए।**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **बीते 9 वर्षों में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार के 9 वर्षों में 7 नए आईआईटी, 7 नए आईआईएम, 15 नए एम्स, 390 विश्वविद्यालय और लगभग 700 मेडिकल कॉलेज खुले। एक ओर कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों की आजादी के बाद के 55 सालों का काम और दूसरी ओर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार के 9 वर्षों का काम है। मोदी सरकार के काम 55 साल के कामकाज पर भारी हैं। विगत 9 वर्षों में नेशनल हाइवे में लगभग 54 हजार किलोमीटर जोड़ा गया है। बीते 9 साल में देश में लगभग 74 नए हवाई अड्डे बने हैं। कांग्रेस की मनमोहन सिंह की सरकार में केवल 5 शहरों में ही मेट्रो था, आज मेट्रो रेल का विस्तार 20 शहरों तक हुआ है। 17 वंदे भारत ट्रेन चल रही है। नांदेड़ साहिब से वंदे भारत ट्रेन शुरू करने का आग्रह प्रताप राव पाटील चिखलीकर जी ने किया है। मैं इस बाबत रेल मंत्री से जरूर बात करूंगा।**

श्री शाह ने कहा कि स्टार्टअप की बात हो, नई ड्रोन नीति हो, अंतरिक्ष के लिए नई नीति बनानी हो, रोजगार बढ़ाना हो, उद्योग बढ़ाना या इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देना हो - जो कांग्रेस के एक परिवार की चार पीढ़ियों की सरकारों में नहीं हुआ, वह प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 9 वर्षों में संभव हुआ है। इससे भी बढ़ कर **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने पूरी दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ाया है। कोई कहता है - मोदी इज द बॉस, कोई सम्मान से उनके पैर छूता है तो कोई उनसे उनका ऑटोग्राफ माँगता है। कोई मोदी जी से मिलने के लिए समय मांगता है। यह सम्मान भारत को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने दिलाया है। आज भारत का परचम पूरी दुनिया में लहरा रहा है।**

*****************************